एक नजर में

त्यागियों की नगरी में आचार्य श्री विभवसागर जी महाराज का अल्प प्रवास, खंडवा की ओर हुआ मंगल विहार

सनावद,निप्र। जैन धर्म के महान संत, समाधि सम्राट परम पूज्य आचार्य श्री 108 विरागसागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य आचार्य श्री 108 विभवसागर जी महाराज ससंघ महाराष्ट्र के पूसेगाँव (जिला बीड) में आयोजित होने वाले भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव हेतु इन्दौर से विहार करते हुए सनावद पधारे। त्यागियों की पावन नगरी सनावद में आचार्यश्री का अल्प प्रवास अत्यंत मंगलमय रहा। सोमवार प्रात: श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में आचार्यश्री के सान्निध्य में भव्य पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन हुआ। इसके पश्चात आचार्य शांतिसागर वर्धमान देशना निलय में आचार्यश्री ने अमृतमयी वाणी से उपस्थित श्रद्धालुओं को निहाल किया। आचार्यश्री ने कहा, 'सनावद की यह पुण्य भूमि एक महान तीर्थ है। इसी धरती से राष्ट्रगौरव आचार्य श्री वर्धमानसागर जी महाराज सहित 18 महान त्यागी संतों ने जन्म लेकर दीक्षा ग्रहण की है। यहाँ आना तीर्थ वंदना के समान है।' बाह्य विज्ञान और जैन विज्ञान की तुलना करते हुए आचार्यश्री ने बताया कि लौकिक विज्ञान का प्रयोग वैज्ञानिक पहले अन्य जीवों पर करते हैं, किन्तु जैन विज्ञान का प्रयोग भगवान महावीर ने सर्वप्रथम स्वयं पर किया। नगर में पूर्व से विराजमान मुनि श्री अक्षयसागर जी महाराज ने कहा, 'सम्यक ज्ञान को सूर्य की उपमा दी गई है। जिसके जीवन में यह प्रकाश स्थापित हो जाता है, वह हर कार्य सरलता से कर लेता है। किन्तु आज समाज में स्वाध्याय की कमी के कारण आत्मबोध तक नहीं हो पाता।' आचार्यश्री को आहारदान देने का पुनीत सौभाग्य अविनाश कुमार जैन परिवार को प्राप्त हुआ। दो दिवसीय अल्प प्रवास के बाद सोमवार सायं आचार्य श्री विभवसागर जी महाराज ससंघ का खंडवा की ओर मंगल विहार हुआ। ज्ञात रहे कि आचार्यश्री वर्ष 2022 में भी विशाल संघ सहित सनावद में ग्रीष्मकालीन चातुर्मास कर चुके हैं। इस अवसर पर सनावद का सम्पूर्ण जैन समाज एवं आसपास के क्षेत्रों से आए श्रावक-श्राविकाएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय पहल : अरुण यादव

खरगोन,निप्र। महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जी .आर .व्हाय इंस्टीट्यूट ऑफ़ फार्मेसी, बोरावां में छात्राओं के लिए एक माह के विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 24 नवंबर से 24 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है । संस्था पिछले चार वर्षों से निरंतर छात्राओं की सुरक्षा, आत्मविश्वास और आपातकालीन स्थितियों से निपटने की क्षमता बढ़ाने हेतु आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर रही है, जिससे यह पहल एक सफल और प्रभावी परंपरा के रूप में स्थापित हो चुकी है।

आधुनिक एवं पारंपरिक तकनीकों का प्रशिक्षण : इस वर्ष आयोजित प्रशिक्षण शिविर का नेतृत्व टैंग सू डू एसोसिएशन ऑफ़ खरगोन के प्रमुख प्रशिक्षक अश्विन आर्टिया द्वारा किया जा रहा है। शिविर में छात्राओं को कराटे, ताइक्वांडो, तांग सू डो सहित आधुनिक तथा पारंपरिक आत्मरक्षा तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित निर्णय लेने की क्षमता, हमलावर से बचाव एवं प्रतिक्रिया के उपाय, आत्मरक्षा उपकरणों का सुरक्षित एवं सही उपयोग, मानसिक सतर्कता , परिस्थितियों के अनुसार त्वरित प्रतिक्रिया कौशल जैसे बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में 67 छात्राएँ ने उत्साहपूर्वक भाग ले रही है। जो उनकी जागरूकता और आत्मसुरक्षा के प्रति बढ़ते संकल्प को दर्शाता है।

मार्गदर्शन एवं छात्राओं की सकारात्मक प्रतिक्रिया : प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन आयुषी पातुड़ के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। प्रशिक्षण के पश्चात अपनी प्रतिक्रिया देते हुए छात्राओं ने बताया कि आत्मरक्षा कौशल के साथ-साथ उन्होंने टीमवर्क, अनुशासन, सहानुभूति और निर्णय क्षमता जैसी प्रमुख जीवन कौशलों को भी अनुभव किया। उनके अनुसार यह प्रशिक्षण जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उपयोगी सिद्ध होगा और आत्मनिर्भरता को मजबूत बनाएगा।

संस्था प्रबंधन की सराहनीय पहल : संस्था के प्राचार्य डॉ. सुजीत पिल्लई ने कहा कि 'ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल छात्राओं की शारीरिक सुरक्षा को मजबूत करते हैं बल्कि उनके आत्मविश्वास, मानसिक सशक्तिकरण और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं।' पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री एवं संस्था अध्यक्ष अरुण यादव ने अपने संदेश में कहा कि वर्तमान समाजिक परिस्थितियों में छात्राओं की सुरक्षा और व्यक्तिगत विकास के लिए ऐसे प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक हैं।

सांसद खेल महोत्सव में महिलाओं ने दिखाया जोश, चेयर रेस में उमड़ी भीड़

सनावद,निप्र। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आज वार्ड क्रमांक 15 (क्रमांक 2) आंगनवाड़ी केंद्र पर महिलाओं की अनोखी 'चेयर रेस' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मजेदार एवं उत्साहपूर्ण प्रतियोगिता में सैकड़ों महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे जोश के साथ दौड़ लगाई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती अमीता मंत्री रहीं। परियोजना अधिकारी श्रीमती रेखा पटेल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में यह आयोजन संपन्न हुआ। आंगनवाड़ी सुपरवाइजर श्रीमती भावना खेड़े के नेतृत्व में सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में रश्मि पाटीदार, राखी गौड़, पद्मिनी राठौर, भावना बिरला, आरती शर्मा, विद्या मौर्य, अंजना भदौरिया, संतोष टाकसे, जरीना बी, संजू वर्मा, आशा भारती, राजश्री बिरला सहित वार्ड की सैकड़ों महिलाएँ एवं समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। महिलाओं ने हँसी-ठिठोली और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच चेयर रेस पूरी की, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव का माहौल बन गया। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्रीमती अमिता मंत्री ने कहा, 'महिलाओं का यह उत्साह देखकर मन प्रसन्न हो गया। सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं, बल्कि महिलाओं में आपसी भाईचारा और आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं।' आयोजन के सफल संचालन के लिए सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व परियोजना अधिकारी श्रीमती रेखा पटेल की सराहना की गई।

शहर पहुंची जन क्रांति न्याय यात्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष का समाजजनों ने किया स्वागत

खरगोन,निप्र। करणी सेना परिवार द्वारा निकाली जा रही जन क्रांति न्याय यात्रा सोमवार को शहर पहुंची। इसमें शामिल करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. जीवन सिंह शेरपुर का शहर आगमन पर समाजजनों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। दोपहर 2 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला नवग्रह मंदिर तिराहा पहुंचा। यहां समाजजनों ने उनका जेसीबी मशीनों के माध्यम से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। न्याय यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जैतापुर पहुंचकर सभा में तब्दील हुई। इस दौरान रास्तेभर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी स्वागत मंच लगाकर स्वागत. सत्कार किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हम सर्व समाज के हितों और रक्षा हेतु 21 सूत्रीय मांगों को लेकर 21 दिसंबर को हरदा में जन क्रांति न्याय आंदोलन करने जा रहे हैं। जिसमें आप सभी जिले के सर्व समाज के बंधुओं का समर्थन और सहयोग लेने आया हूं।

कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न

निर्माण कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की भी जानकारी ली

नवभारत न्यूज

खरगोन,निप्र। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में 08 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभाग्रह में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की फॉर्मर आईडी शीघ्र बनाई जाए। वनाधिकार पट्टों के लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए पटवारी एवं बीट गार्ड को निर्देश दिए कि वनग्रामों में जाकर वनाधिकार पात्र-अपात्र का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। इस दौरान वनग्राम से राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन ग्रामों की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर सुश्री मित्तल ने भू राजस्व एवं अन्य मदों की वसूली की स्थिति की भी समीक्षा की। तहसीलदारों को निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना की वसूली करना सुनिश्चित किया जाए। आर.सी.एम.एस. पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की कोर्टवार समीक्षा की और निराकरण प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए गए। छह माह से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान निर्माण कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की भी जानकारी ली गई। कलेक्टर ने सीएम मॉनिट के प्रकरणों, अज्ञात वाहनों से हुए दुर्घटना प्रकरणों और भू-अर्जन प्रकरणों का अनुभागवार निराकरण तथा मुआवजा वितरण की समीक्षा की गई। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने सीएम हेल्पलाइन पर लंबित 50 व 100 दिन की शिकायतों एवं समाधान ऑनलाइन में चयनित शिकायतों की भी विस्तार से समीक्षा की।

जन आकांक्षा पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की अनुभागवार समीक्षा की गई। बैठक में सरदार सरोवर परियोजना के अंतर्गत विस्थापित हितग्राहियों के लिए शिविर लगाये जाने की भी जानकारी ली गई और द्वितीय चरण के शिविर लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही नामांतरण, बटवारा, सीमांकन और पट्टा द्वितीय सर्वे से जुड़े प्रकरणों की भी समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित राजस्व विभाग से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता का लाभ देने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

बिस्टान, निप्र। राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षक संवर्गों की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर राज्य शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष ओम प्रकाश मंडलोई, शैलेन्द्र वर्मा, महिला मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष अर्चना गीते,सिराज शेख के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार की अनुपस्थित में विजयेंद्र मंडलोई को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुराम मालवीया,अनिल गुप्ता , आशीष तिवारी,दिलीप पाटीदार प्रमुख रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि राज्य शिक्षा सेवा में अध्यापक संवर्ग की नियुक्ति एक जुलाई 2018 से की गई है उस दिन के बाद से आज दिनांक तक अध्यापक संवर्ग से नियुक्त शिक्षकों की वरिष्ठ तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बरकरार है, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठ न मिलने के कारण अनेक लाभों से वंचित होना पड़ रहा है। अत: अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दिया जाए । ज्ञापन में यह भी बताया गया कि मध्यप्रदेश के सरकारी विद्यालयों के शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय जाकर निष्ठापूर्ण कार्य करते हैं, इसी का परिणाम है कि प्रदेश की प्रावीण्य सूची में शासकीय विद्यालयों के बच्चे स्थान बनाते हैं। इसलिए नियमित उपस्थिति के लिए अव्यवहारिक ई अटेंडेंस व्यवस्था को बंद किया जाए। इस अवसर पर जिला अर्पिता खाटरिया,,अजय जोशी, घनश्याम पटेल, राजेंद्र मंडलोई ,आशुतोष सोहनी,आशीष कुशवाह,नरेंद्र पंचोले, गजानन पटेल,रमेश मुकाती ,अजय पारीक आनंद राम सोनगरे, देवकरण सोलंकी, अमित बर्वे,आदित्य पांडे,सत्येंद्र सिंह तोमर, शांतिलाल मंडलोई,त्रिलोक यादव, विजय पाटिल, संतोष खोडे,महेश पाटीदार,उपस्थित थे।

तूफान और बाइक की भिड़ंत में एक महिला और बालक की मौत

खरगोन,निप्र। कोतवाली क्षेत्र के उमरखली रोड़ पर रविवार देररात एक भीषण सड़क हादसे में एक महिला और किशोर की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 7 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है। मृतकों का सोमवार सुबह पीएम कराया गया। अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी अनुसार रविवार रात करीब 10.30 बजे उमरखली रोड़ पर तूफान वाहन और बाईक की आमने- सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में जिला पति गोरख सोनोनो (35) निवासी ग्राम मोजड़ा और शिवराम लक्ष्मण पिपल्या बावड़ी (18) की मौत हो गई। इनके साथ बाईक पर सवार नुरला पिता एशला पिपल्या बावड़ी घायल है, जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। वहीं तूफान वाहन सवार गणपत सोमारिया, वीरेंद्र जाहरिया, कमल सोमारिया, अंतिम हुकारिया, किशोर भिकला, मायाराम मदरासिया सभी निवासी आडफाटा घायल हुए है। उपचाररत गणपत सोमारिया ने बताया कि मेरे भाई भिकला सोमारिया पुलिस घायलों के बयान के आधार पर जांच में जुटी है।

शिक्षक संघ ने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भीकनगांव,निप्र। नगर में सोमवार को ब्लाक शिक्षक संघ ने सामूहिक रूप से एकत्रित होकर चाहे जो मजबूरी हो हमारी मांगे पूरी हो नारो के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम का एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा शिक्षक दुर्गेश पाराशर ने ज्ञापन का वाचन करते हुये बताया कि राज्य शिक्षा सेवा में अध्यापक संवर्ग की नियुक्ति एक जुलाई 2018 से की गई है उस दिन के बाद से आज दिनांक तक अध्यापक संवर्ग से नियुक्त शिक्षकों की वरिष्ठता तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बरकरार है नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता न मिलने के कारण अनेक लाभों से वंचित होना पड़ रहा है अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दिया जाए प्रदेश के सरकारी विद्यालयों के शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय जाकर निष्ठापूर्ण कार्य करते हैं, इसी का परिणाम है कि प्रदेश की प्रावीण्य सूची में शासकीय विद्यालयों के बच्चे स्थान बनाते हैं इसलिए नियमित उपस्थिति के लिए अव्यवहारिक ई अटेंडेंस व्यवस्था को बंद किया जाए इस दौरान यूसुफ खान, राम किशन रावत, सुनीता वर्मा, कालूराम भास्करे भी मौजूद रहें।

जुआ अड्डे पर रेड : 3 धराए 2 .74 लाख का मशरुका जब्त

खरगोन,निप्र। थाना बलकवाड़ा पुलिस ने छोटी बाग ग्राम पथोरा में रुपए-पैसों से ताश के पत्तों पर हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश देकर यहां जुआ खेल रहे 3 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इन्होंने अपना नाम राहुल पिता बलिराम वर्मा निवासी बालसमुद, शाहिद पिता मुंशी खान निवासी बालसमुद, नसरुदिन पिता अल्लाउदिन निवासी बालसमुद का होना बताया, इनके साथ जुआ खेल रहे अन्य आरोपी मौका पाकर फरार हो गए। मौके पर मिले तीनों व्यक्तियों के कब्जे से 15 हजार 740 रूपए नकद, ताश पत्ते, 4 बाईक, 3 मोबाईल जब्त किए गए है। जब्तशुदा मश्रुका की कीमत 2 लाख 74 हजार 240 रुपए आंकी गई है।

संत श्री 1008 शीतलराज मुनि महाराज द्वारा हुआ महामांगलिक आयोजन

बड़वाह ,निप्र। खरगोन जिले के बड़वाह में इन दिनों श्वेतांबर जैन संत श्री 1008 शीतलराज मुनि जी महाराज का आध्यात्मिक प्रवास चल रहा है। उनके सान्निध्य में जैन समाजजनों के साथ-साथ आमजन भी बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव से जुड़ रहे हैं। प्रवास के दौरान संत श्री द्वारा महामांगलिक आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें प्रतिदिन भक्तों की बढ़ती उपस्थिति देखी जा रही है। आपको बतादे सोमवार को महामांगलिक का आयोजन श्वेतांबर जैन समाज सदस्य राजेंद्र रोकड़िया के निवास स्थान इंदौर रोड पर हुआ। इस दौरान शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे ।जिनकी उपस्थिति में संत श्री ने कार्यक्रम के दौरान मंगलाचरण और भक्ति गीतों से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर पर राजेंद्र जैन ,नीलेश रोकड़िया,रमेश रोकड़िया ने



मुनिश्री के आगमन को नगरवासियों का सौभाग्य बताया। इस आयोजन में जैन महिला मंडल और युवक मंडल के सदस्यों ने भी आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। आगामी दिनों में संत श्री के प्रवास के तहत अन्य स्थानों पर भी महामांगलिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। हालाकि संत श्री 1008 शीतलराज मुनि जी का जन्म 1948 में जोधपुर, राजस्थान में हुआ । जिन्होंने 1970 में जैन दीक्षा लेकर अपना जीवन तपस्या में समर्पित कर दिया। अपनी कठोर तपस्या, 52 वर्षों से शयन त्याग, अखंड मौन व्रत, आतपन साधना और भारत भर में पैदल विहार के माध्यम से अहिंसा, शांति और संयम का संदेश देते हैं।

प्रगतिशील पेंशनर्स एसोसिएशन की नगर इकाई की बैठक संपन्न

बड़वाह,निप्र । प्रगतिशील पेंशनर्स एसोसिएशन नगर इकाई की बैठक रविवार, दिनांक 07/12/2025 को कृषक भवन में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में आगामी वर्ष के कार्यक्रमों एवं गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री कैलाश पुरोहित, श्री पुजारी गौड़ एवं श्री राजेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे। इसी अवसर पर श्रीमान प्रदीप सिंह जी ने संस्था की सदस्यता ग्रहण की। बड़वाह में एच.एम. अस्पताल के डॉ. हेमांशु सिंह द्वारा बढ़ती उम्र में स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए आवश्यक सुझाव एवं उपयोगी जानकारियाँ साझा की गईं। साथ ही, श्री प्रदीप साने द्वारा पेंशनर्स पीढ़ी को उपयोगी और महत्वपूर्ण पीढ़ी बनाने के विषय पर प्रेरणादायक संबोधन दिया गया। बैठक के

दौरान सभी उपस्थित पेंशनर्स का एच.एम. अस्पताल केद्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। भविष्य में सभी पेंशनर्स को अस्पताल में रियायती दरों पर उपचार उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इसके अतिरिक्त, योग कक्षाएं शुरू किए जाने के प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। अंत में, सभी सदस्यों द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया गया।

एक नजर में

जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बोरवां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मुलठान में आयोजित किया शिविर

सामाजिक कार्य एवं सेवा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक : अरुण यादव

नवभारत न्यूज

खरगोन,निप्र। जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बोरवा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम मुलठान में 5 से 12 दिसम्बर 2025 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है । यह शिविर प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय और डॉ. सुनील सुगंधी के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है।

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी लेफ्टिनेंट पुष्पेन्द्र नामदेव एवं इशिका वर्मा ने शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह शिविर विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल विकसित करने का एक प्रभावी माध्यम है। सात दिवसीय शिविर ''मेरा युवा भारत के लिए युवा'' और डिजिटल साक्षरता की थीम पर आयोजित किया जा रहा है । शिविर का शुभारंभ 6 दिसम्बर को वरिष्ठ शिक्षाविद एवं जेआयटी के डीन एकेडमिक डॉ. सुनील सुगंधी ने किया ।

उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना की मूल विचारधारा को आत्मसात करने का संदेश देते हुए युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी, तकनीकी साक्षरता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। शिविर की निर्धारित दिनचर्या के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी, व्यायाम सत्र के साथ दिन की शुरूआत कर सामाजिक दायित्वों के निर्वहन एवं स्वच्छता , स्वास्थ्य और नशामुक्ति का संदेश भी दिया जा रहा है । शिविर की गतिविधियों के अंतर्गत रविवार 7 दिसंबर को सावन धनगर प्रोग्राम आफिसर डिग्री कॉलेज बोरावां द्वारा प्रेरणादायक गेस्ट लेक्चर 'ग्राम विकास, मे एनएसएस की भूमिका, युवा नेतृत्व और समाज सेवा' विषय पर सारगर्भित सत्र लिया ।

स्वयंसेवकों को ग्रामीण समस्याओं की पहचान, समाधान, नेतृत्व कौशल और सामाजिक सहभागिता पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन मिला। स्वयंसेवकों द्वारा मुलठान में स्वच्छता रैली निकाली गई, जिसमें 'स्वच्छ ग्राम-स्वस्थ ग्राम' के संदेश दिए । ग्रामीणों ने रैली में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे स्वच्छता और प्लास्टिक-मुक्त ग्राम के संकल्प को व्यापक समर्थन मिला। 8 दिसंबर 2025 को स्वयंसेवकों ने पुन: प्रभात फेरी निकालकर पर्यावरण, स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता के नारे लगाए। योगासन, स्ट्रेचिंग और फिटनेस ड्रिल्स के माध्यम से छात्रों में अनुशासन और ऊर्जा का संचार हुआ।

सायं सत्र के दौरान सहायक उप निरीक्षक जोगिंदर पाटीदार द्वारा सुरक्षा जागरूकता, युवा अनुशासन, टीमवर्क, ग्रामीण विकास और व्यक्तिगत जिम्मेदारी पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र ने स्वयंसेवकों में समाज एवं राष्ट्र के प्रति संवेदनशीलता और कर्तव्यबोध विकसित किया। स्पोर्ट्स क्लास एवं खेल गतिविधियाँ शाम के सत्र में ग्रुप गेम्स, टीम-बिल्डिंग स्पोर्ट्स और फिटनेस ड्रिल्स आयोजित की गईं। इन गतिविधियों ने युवा स्वयंसेवकों में नेतृत्व, सामूहिकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत किया।

पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव ने शिविरार्थियों को प्रेषित अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थियों द्वारा सामाजिक एवं जनचेतना के जुडे सेवा कार्यों में सहभागिता उन्हें विशिष्ट पहचान प्रदान करती है । यह उनके सर्वांगींण विकास में भी सहायक है । सात दिवसीय शिविर में पुष्कर कुशवाह, सुमित चौहान , वेदांशी वाघे, टीना पटेल पुर्वी सोनी सहित 50 स्वयंसेवकों द्वारा सहभागिता की जा रही है ।